पत्र संख्या–उ०नि०–15 / 2014................................ /

**बिहार सरकार**
**मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग**
**उर्दू निदेशालय**

**प्रेषक,**

डॉ० एस० सिद्धार्थ,
अपर मुख्य सचिव।

**सेवा में,**

महालेखाकार (ले० एवं हक), बिहार
वीरचन्द पटेल पथ, पटना।

पटना, दिनांक–........................

**विषय :–** मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, उर्दू निदेशालय के अन्तर्गत "बिहार राज्य उर्दू अनुवादक संवर्ग नियमावली–2016" के अधीन मूल कोटि के पद सहायक उर्दू अनुवादक (वेतन स्तर–05) के बिहार राज्य के विभिन्न कार्यालयों यथा समाहरणालयों (ज़िला उर्दू भाषा कोषांग), अनुमंडल कार्यालयों, प्रखंड कार्यालयों एवं अंचल कार्यालयों के लिए पूर्व से सृजित कुल–1653 पदों को प्रत्यर्पित करते हुए राज्य के विभिन्न विभागों/आयोगों/कार्यालयों में सहायक उर्दू अनुवादक के कुल–3306 पदों के सृजन की स्वीकृति के संबंध में।

**आदेश :–** स्वीकृत।

2. राज्य के द्वितीय राजभाषा उर्दू के समुचित कार्यान्वयन, विकास एवं प्रचार–प्रसार एवं विनिर्दिष्ट कार्यों के निष्पादन हेतु गठित उर्दू निदेशालय को सशक्त बनाने के उद्देश्य से "बिहार राज्य उर्दू अनुवादक संवर्ग नियमावली, 2016" के अधीन मूल कोटि के पद सहायक उर्दू अनुवादक (वेतन स्तर–05) के राज्य के विभिन्न कार्यालयों में अबतक कुल–1653 पद सृजित किये गये हैं। जिसका विवरण निम्नांकित है :–

| | | |
|---|---|---|
| (1) समाहरणालय (ज़िला उर्दू भाषा कोषांग) | – | 65 |
| (2) अनुमंडल कार्यालय | – | 130 |
| (3) प्रखंड कार्यालय | – | 1067 |
| (4) अंचल कार्यालय | – | 391 |
| | कुल– | 1653 |

3. बिहार राज्य के विभिन्न कार्यालयों में सहायक उर्दू अनुवादक के सृजित उक्त 1653 पदों को प्रशासनिक कारणों से प्रत्यर्पित करने तथा उनके विरूद्ध कार्यरत बलों को इसमें समाहित कर बिहार राज्य के विभिन्न विभागों/आयोगों/कार्यालयों में संलग्न सूची के अनुसार कुल–3306 पदों का सृजन की स्वीकृति राज्य मंत्रिपरिषद् की दिनांक–08.04.2025 को आयोजित बैठक के मद संख्या–23 द्वारा दी गयी है।

4. सहायक उर्दू अनुवादक के उक्त 3306 पदों के सृजन में प्रशासी पदवर्ग समिति की दिनांक–07.04.2025 के बैठक में स्वीकृति प्राप्त है।

5. सहायक उर्दू अनुवादक के पूर्व से सृजित 1653 पद के विरूद्ध बिहार राज्य के विभिन्न कार्यालयों में कार्यरत सहायक उर्दू अनुवादकों को मंत्रिपरिषद् के स्वीकृति के पश्चात् सृजित होने वाले 3306 पदों के विरूद्ध कार्यरत एवं नियुक्त माना जायेगा, जिससे कि इनकी सेवा लगातार उस पद पर बनी रहे।

Scanned with OKEN Scanner

6. उक्त सृजित होने वाले पदों पर वार्षिक व्यय वर्तमान महंगाई भत्ता के दर पर ₹2,13,47,89,992/– (दो अरब तेरह करोड़ सैंतालीस लाख नवासी हजार नौ सौ बेरानवे) रुपये मात्र अनुमानित है। उक्त पदों पर होने वाले व्यय (विभागों/आयोगों को छोड़कर) विभागीय बजट शीर्ष माँग संख्या–04 के अन्तर्गत मुख्य शीर्ष–2053–ज़िला प्रशासन, उप मुख्य शीर्ष–00, लघु शीर्ष–094, अन्य स्थापनाएँ, उपशीर्ष–0011, द्वितीय राजभाषा (उर्दू) स्थापना विपत्र कोड–04–2053000940011 के प्रतिबद्ध व्यय से विकलनीय होगा तथा विभागों/आयोगों में पदस्थापित उर्दू कर्मियों के वेतनादि पर व्यय संबंधित विभागों/आयोगों के स्थापना एवं प्रतिबद्ध व्यय/सहायक अनुदान से विकलनीय होगा।

7. विभागीय बजट शीर्ष माँग संख्या–04 के अन्तर्गत मुख्य शीर्ष–2053–ज़िला प्रशासन, उप मुख्य शीर्ष–00, लघु शीर्ष–094, अन्य स्थापनाएँ, उपशीर्ष–0011, द्वितीय राजभाषा (उर्दू) स्थापना विपत्र कोड–04–2053000940011 से व्यय हेतु संबंधित कार्यालय के निकासी व्ययन पदाधिकारी को निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी को प्राधिकृत किया जाता है।

**अनुलग्नक :– कार्यालयवार 3306 पदों के सृजन से संबंधित सूची।**

बिहार राज्यपाल के आदेश से,

ह०/–

**(डॉ० एस० सिद्धार्थ)**
अपर मुख्य सचिव।

**ज्ञाप संख्या :– उ०नि०–15/2014........................./**  **दिनांक–.................................**

**प्रतिलिपि :–** मुख्य सचिव, बिहार सरकार/सभी विभागीय अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव/सभी विभागाध्यक्ष/महामहिम राज्यपाल के प्रधान सचिव/ माननीय मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव/सचिव, सभी प्रमण्डलीय आयुक्त/पुलिस महानिदेशक/सचिव, बिहार राज्य अल्पसंख्यक आयोग/बिहार राज्य सूचना आयोग/बिहार राज्य मानवाधिकार आयोग/बिहार राज्य लोक सेवा आयोग/बिहार राज्य कर्मचारी चयन आयोग/बिहार राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग/बिहार राज्य अनुसूचित जाति एवं जनजाति आयोग/बिहार राज्य बाल श्रमिक आयोग/बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग/बिहार विद्यालय परीक्षा समिति/बिहार विद्युत विनियामक आयोग/बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड/मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, बिहार राज्य शिया वक़्फ़ बोर्ड/बिहार राज्य सुन्नी वक़्फ़ बोर्ड/बिहार राज्य हज समिति/निदेशक, उर्दू निदेशालय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह०/–

**(डॉ० एस० सिद्धार्थ)**
अपर मुख्य सचिव।

**ज्ञाप संख्या :–उ०नि०–15/2014.....353...../**  **दिनांक–.11.04.25.........**

**प्रतिलिपि :–** सभी ज़िला पदाधिकारी/वरीय पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक/प्रशासक, नगर निगम/नगरपालिका/सभी ज़िला शिक्षा पदाधिकारी/सभी ज़िला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी/सभी प्रभारी पदाधिकारी, ज़िला उर्दू भाषा कोषांग/सभी अनुमंडल पदाधिकारी/सभी अनुमंडलीय पुलिस पदाधिकारी/सभी भूमि सुधार उप समाहर्त्ता/सभी ज़िला उप निबंधक/उप निबंधक, निबंधन कार्यालय/सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी/सभी अंचलाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

10.4.2025

**(डॉ० एस० सिद्धार्थ)**
अपर मुख्य सचिव।

09/4/25

Scanned with OKEN Scanner

## बिहार सरकार
## मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग
## उर्दू निदेशालय

**सहायक उर्दू अनुवादकों के सृजित पदों की विवरणी एवं कार्यालयों का नाम :–**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | राज्यपाल सचिवालय | | = | 02 |
| 2. | मुख्यमंत्री सचिवालय | | = | 05 |
| 3. | (i) मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग | | = | 12 |
| | (ii) अल्पसंख्यक कल्याण विभाग | | = | 08 |
| | (iii) शिक्षा विभाग | | = | 04 |
| | (iv) गृह विभाग | | = | 04 |
| | (v) स्वास्थ्य विभाग | | = | 03 |
| | (vi) सामान्य प्रशासन विभाग | | = | 04 |
| | (vii) वन एवं पर्यावरण विभाग | | = | 03 |
| | (viii) सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग | | = | 03 |
| 4. | शेष–36 विभाग | 36 x 2 | = | 72 |
| 5. | बिहार राज्य अल्पसंख्यक आयोग, पटना | | = | 01 |
| 6. | बिहार राज्य सूचना आयोग, पटना | | = | 01 |
| 7. | बिहार राज्य मानवाधिकार आयोग, पटना | | = | 01 |
| 8. | बिहार राज्य लोक सेवा आयोग, पटना | | = | 01 |
| 9. | बिहार राज्य कर्मचारी चयन आयोग, पटना | | = | 01 |
| 10. | बिहार राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग, पटना | | = | 01 |
| 11. | बिहार राज्य अनुसूचित जाति एवं जन जाति आयोग, पटना | | = | 01 |
| 12. | बिहार राज्य बाल श्रमिक आयोग, पटना | | = | 01 |
| 13. | बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग, पटना | | = | 01 |
| 14. | बिहार विद्युत विनियामक आयोग, पटना | | = | 01 |
| 15. | बिहार तकनीकि सेवा आयोग, पटना | | = | 01 |
| 16. | बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना | | = | 02 |
| 17. | बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड, पटना | | = | 06 |
| 18. | बिहार राज्य शिया वक़्फ़ बोर्ड, पटना | | = | 06 |
| 19. | बिहार राज्य सुन्नी वक़्फ़ बोर्ड, पटना | | = | 06 |
| 20. | बिहार राज्य हज समिति, पटना | | = | 06 |
| 21. | सभी आयुक्त कार्यालय | 09 x 1 | = | 09 |

Scanned with OKEN Scanner

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 22. | पुलिस महानिदेशक का कार्यालय | | = | 04 |
| 23. | सभी समाहरणालय (जिला उर्दू भाषा कोषांग) | 38 x 5 | = | 190 |
| 24. | सभी समाहरणालय (क्षेत्रीय कार्यालय हेतु)<br>(उक्त पदों का स्थापना संबंधी जिला पदाधिकारी के अधीन होगा।) | 38 x 8 | = | 304 |
| 25. | समाहरणालय (सूची संलग्न)<br>(उर्दू भाषी बहुल क्षेत्रों में अवस्थित थानों में प्रतिनियुक्ति हेतु।<br>उक्त पदों का स्थापना संबंधी जिला पदाधिकारी के अधीन होगा।) | | = | 240 |
| 26. | सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी, कार्यालय | 38 x 1 | = | 38 |
| 27. | सभी जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी कार्यालय | 38 x 1 | = | 38 |
| 28. | सभी अनुमंडल कार्यालय | 101 x 2 | = | 202 |
| 29. | सभी भूमि सुधार उप समाहर्त्ता कार्यालय | 101 x 1 | = | 101 |
| 30. | वरीय पुलिस अधीक्षक, कार्यालय/<br>पुलिस अधीक्षक, कार्यालय | 40 x 2 | = | 80 |
| 31. | सभी अनुमंडल पुलिस कार्यालय | 161 x 1 | = | 161 |
| 32. | सभी निबंधक कार्यालय | 124 x 1 | = | 124 |
| 33. | सभी प्रखंड कार्यालय | 534 x 2 | = | 1068 |
| 34. | सभी अंचल कार्यालय | 537 x 1 | = | 537 |
| 35. | नगर निगम/नगर पालिका (जिला मुख्यालय) | 38 x 1 | = | 38 |
| 36. | उर्दू निदेशालय, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, पटना | | = | 15 |
| | | | कुल योग | 3306 |

अमल

बिहार सरकार

मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग

उर्दू निदेशालय

सहायक उर्दू अनुवादक का थानों के लिए सृजित पदों की जिलावार सूची :–

| क्र० सं० | जिला का नाम | पदों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | किशनगंज | 18 |
| 2 | कटिहार | 18 |
| 3 | अररिया | 18 |
| 4 | पूर्णियां | 18 |
| 5 | दरभंगा | 15 |
| 6 | पश्चिमी चम्पारण (बेतिया) | 15 |
| 7 | पूर्वी चम्पारण (मोतिहारी) | 15 |
| 8 | मधुबनी | 15 |
| 9 | सीतामढ़ी | 12 |
| 10 | सीवान | 10 |
| 11 | भागलपुर | 10 |
| 12 | गया | 10 |
| 13 | मुज़फ्फरपुर | 10 |
| 14 | सुपौल | 8 |
| 15 | गोपालगंज | 8 |
| 16 | बेगूसराय | 8 |
| 17 | समस्तीपुर | 8 |
| 18 | सारण | 8 |
| 19 | रोहतास (सासाराम) | 8 |
| 20 | नवादा | 8 |
| | कुल– | 240 |

Scanned with OKEN Scanner